EGG Girls’ Parliament Submitted Memorandum to the Local Municipality regarding Cleanliness in School

विद्यालय परिसर में सफाई को कोली को सौंपा ज्ञापन

उत्तरांचल दीप ब्यूरो

किच्छा। ईजीजी गर्ल्स पार्लियामेंट की छात्राओं ने नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली से भेंट की। विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था के लिए 15 कूड़ेदान की व्यवस्था किए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

जीजीआईसी विद्यालय की ईसीजी गर्ल्स पार्लियामेंट की छात्राओं ने वार्षिक योजना के तहत नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली से पालिका सभागार में भेंट करते हुए ज्ञापन सौंपा। संस्था की क्षेत्रीय समन्वयक किरण मिश्रा द्वारा गर्ल्स पार्लियामेंट के प्रस्तावों को पूर्ण कराने हेतु सहयोग का भरोसा दिलाया गया। पालिका अध्यक्ष कोली से भेंट के बाद क्षेत्रीय समन्वयक किरण मिश्रा ने बताया कि पालिका अध्यक्ष ने सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया है।